જિલ્લા શિક્ષણ સમિતિ - કચ્છ

દ્વિતીય સત્રાંત કસોટી - 2025

તારીખ : 17-04-2025	ધોરણ - 7	કુલ ગુણ : 80
વાર : ગુરૂવાર	વિષય - હિન્દી	સમય : 08-00 થી 11-00

प्रश्न–1 (A) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में लिखिए। **6**

(1) नरेन्द्र की जगह पर यदि आप होते तो क्या करते ?

(2) चौथी स्त्री का बेटा, समचुच हीरा था ? क्यों ?

(3) मालवजी के पालन – पोषण की जिम्मेदारी किस की थी ?

(B) *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में लिखिए।* **6**

(1) बेटी कहाँ पर चमकेगी ? क्यों ?

(2) धरती की शान कौन है ? क्यों ?

(3) इन्सान क्या-क्या कर सकता है ?

प्रश्न–2 निम्नलिखित काव्य पंक्तियों का भावार्थ लिखिए। **6**

1. पढ़ूँगी लिखूँगी मैं मेहनत करुँगी,
अपने पाँव चलकर मैं दुनिया को देखूँगी,
दुनिया को देखूँगी मैं दुनिया को समझूँगी।

प्रश्न–3 परिच्छेद का मातृभाषा में अनुवाद कीजिए। **5**

मेरे पिता आपकी सेना में सिपाही थे। उन्होने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। आज उनको मरे हुए दो वर्ष हो गए। इस समय घर में मैं और मेरी माता, केवल दो प्राणी है। आज तीन महीनों से हम दोनों को पेट-भर अन्न मिलना दूभर हो गया है।

प्रश्न–4 निम्नलिखित ढाँचे पर से कहानी लिखिए। **6**

छोटा गाँव - एक किसान - शहर जाना - सामान खरीदना - भूख लगना - खाने की दुकान पर जाना - दुकानदार बेईमान - कम मिठाई तौलना - किसान का टोकना - जवाब - खाने में कम कष्ट होगा - मिठाई खाना - कम पैसे देना - दुकानदार का टोकना - जवाब -गिनने में कम कष्ट होगा - सीख - शीर्षक।

प्रश्न–5 दिए गए शब्दों का लिंग परिवर्तन करके वाक्य फिर से लिखिए। **6**

(1) दासी	(2) शेर	(3) धोबी
(4) बनजारो	(5) लड़की	(6) पंडित

प्रश्न–6 निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण छाँटकर उसका प्रकार लिखिए। **6**

(1) हेत अच्छा लड़का है।	(2) यह चिकना पदार्थ है।
(3) राजेश बीस किलो आटा लाया।	(4) माँ थोड़ा दूध देना।
(5) नीम की दातुन कड़वी है।	(6) मुझे लाल सेब चाहिए।

प्रश्न-7 क्रिया का काल जानकर उसका प्रकार लिखिए। 6

(1) मयुर ने पत्र लिखा। (2) नीती पढ़ रही है।

(3) राजेश विद्यालय गया। (4) लड़के शाम को खेलेंगे।

(5) हम हिन्दी सीखते हैं। (6) मैं शिक्षक बनूँगा।

प्रश्न-8 काव्य को पढ़कर उनके आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 5

मौसम आज पतंगो का है,
नभ में राज पतंगो का है।
इंद्रधनुष के रंगो का है।
मौसम नई उमंगो का है।
निकले सब ले डोर पतंगे,
उड़ा रहे कर शोर पतंगे।
देखों चारों ओर पतंगे।

(1) कौन सा मौसम आया है ?

(2) सबके ह्रदय में कौन सा भाव है ?

(3) आकाश में किन रंगो की पतंगे है ?

(4) पतंग क्या लेकर निकली है ?

(5) नभ में किसका राज है ?

प्रश्न-9 दिए गए शब्दों के आधार पर कोई दो चुटकुलो का निर्माण करके लिखिए। 8

(1) सोना (2) उत्तर

प्रश्न-10 दिए गए भावपत्रक के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 7

महेश टी हाउस

बस स्टेशन, भुज-कच्छ

भावपत्रक ॥

चाय	नास्ता
नोर्मल चाय - 20	पौहा - 30
लेमन चाय - 25	खमन - 35
पुदीना चाय - 25	इडली-सांभर - 45
कुल्हड़ चाय - 25	आलू पराठा - 40
ग्रीन चाय - 25	थेपला - 25
मसाला चाय - 25	पराठा - 20

(1) भावपत्रक में से आपको क्या-क्या पसंद है ?

(2) आपके पास 50 रुपए है तो आप कौन सी चाय और नास्ता खरीदेंगे ?

(3) दिए गए चाय-नास्ते के अलावा आपको कौन सा चाय-नास्ता पसंद है ?

(4) भावपत्रक में दी गई चाय के नाम लिखिए।

(5) भावपत्रक किसका और कहाँ का है ?

(6) कौन सी चाय और नास्ते की कीमत ज्यादा है ?

(7) कौन-सा नास्ता सबसे कम कीमत का है ?

प्रश्न-11 दी गई समय-सारिणी के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 7

समय-सारिणी

भुज बस डिपो, कच्छ विभाग

प्लेटफार्म नं.1	समय	प्लेटफार्म नं.2	समय	प्लेटफार्म नं.3	समय	प्लेटफार्म नं.4	समय
भुज-मांडवी की ओर		भुज-नखत्राणा की ओर		भुज-भचाउ की ओर		भुज-कुरन की ओर	
भुज-मांडवी	5-30	भुज-नखत्राणा	5-00	भुज-गांधीधाम	5-00	भुज-कुरन	5-45
भुज-गढशीशा	9-30	भचाऊ-नारायण सरोवर	7-30	भुज-भचाऊ	8-30	भुज-हाजीपीर	7-30
भुज-बिदडा	11-00	राधनपुर-माता का मढ़	10-00	भुज-अंजार	9-30	भुज-खावडा	9-30
भुज-दहीसरा	12-00	भुज-लखपत	11-30	भुज-दुधई	11-30	भुज-होडको	10-30

(1) प्लेटफार्म नं. 4 पर कहाँ-कहाँ की बस लगेंगी ?

(2) भचाऊ की बस किस प्लेटफार्म पर लगेंगी ?

(3) प्लेटफार्म नं. 1 पर पहली बस कितने बजे निकलेगी ?

(4) प्लेटफार्म नं. 4 पर चौथी बस कितने बजे निकलेगी ?

(5) प्लेटफार्म नं. 3 पर की बस आपको कहाँ-कहाँ ले जाएगी ?

(6) समय-सारिणी में कितने प्लेटफार्म दिए गए है ?

(7) आप माता का मढ़ जाना चाहते हो तो कौन से प्लेटफार्म में बस मिलेगी ?

प्रश्न-12 दिए गए विषय पर पत्रलेखन किजिए (किन्ही एक) 6

(1) अपने विद्यालय में मनाए गए प्रजासत्ताक दिन के बारे में जानकारी देता हुआ पत्र अपने मित्र को लिखिए।

(2) आपने की हुई यात्रा / प्रवास का वर्णन करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

●●●●●